<u>**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**</u>

प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा ने अलीगढ़, आजमगढ़ , चित्रकूट , मुइरपुर , श्रावस्ती हवाई अड्डों के प्रचालन और प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, 01 जुलाई 2022 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने आज 30 वर्षों की अवधि के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वामित्व वाले पांच हवाई अड्डों को प्रचालित करने के लिए एक प्रचालन और प्रबंधन समझौते पर हस्ताक्षर किया। ये पांच हवाई अड्डे हैं अलीगढ़, आजमगढ़ , चित्रकूट , मुइरपुर और श्रावस्ती ।

श्री योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार की उपस्थिति में भाविप्रा की ओर से श्री एन वी सुब्बारायुडु, कार्यपालक निदेशक (एसआईयू) और राज्य सरकार की ओर से श्री कुमार हर्ष, विशेष सचिव, नागर विमानन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन(एमओयू) का आदान-प्रदान श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष भाविप्रा और श्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री डी एस मिश्रा, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, श्री ए के पाठक, सदस्य, योजना (भाविप्रा) भी उपस्थित थे।

समझौते के अनुसार, भाविप्रा हवाई अड्डे का प्रचालन और प्रबंधन करेगा और सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान करेगा। संचार दिक्चालन निगरानी/वायु यातायात प्रबंधन (सीएनएस/एटीएम) सेवाएं भी भाविप्रा द्वारा प्रदान की जाएंगी, जिसके लिए राज्य सरकार एक अलग समझौता करेगी। इसके अतिरिक्त, आरक्षित सेवाएं भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाएंगी जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार, नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) , भारत सरकार के साथ अलग समझौता ज्ञापन (एमओयू) करेगी । भाविप्रा इन पांच हवाई अड्डों के लिए हवाई अड्डा लाइसेंस प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

समझौते के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार हवाई अड्डों को वाणिज्यिक प्रचालन के लिए तैयार करने के लिए प्रारंभिक पूंजीगत कार्यों को पूरा करेगी और प्रासंगिक अनुमोदन, दस्तावेज के साथ सभी चल और अचल संपत्तियां प्रचालन और प्रबंधन के लिए भाविप्रा को सौंपेगी। उत्तर प्रदेश सरकार हवाई अड्डे पर (तक और अंदर) पानी, बिजली और जल निकासी कनेक्शन आदि जैसी आवश्यकताओं के लिए समर्पित बुनियादी ढांचा प्रदान करेगी।

यह पहली बार है जब भाविप्रा राज्य सरकार के स्वामित्व वाले हवाई अड्डों के प्रचालन के लिए राज्य सरकार के साथ एक प्रचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम) समझौता कर रहा है। भाविप्रा सबसे बड़ा हवाई अड्डा प्रचालक और एकमात्र वायु दिक्चालन सेवा प्रदाता होने के नाते देश भर में हवाई संपर्क प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: मप्र (नि सं) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 14/2022-23

श्री योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भाविप्रा और श्री एस पी गोयल, अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश सरकार के स्वामित्व वाले पांच हवाई अड्डों को प्रचालित करने के लिए प्रचालन और प्रबंधन(ओ एंड एम) समझौते का आदान-प्रदान करते हुए।